
18 दिसंबर, 2018 दैनिक भास्कर

# सीएसएसआरआई के अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

भास्कर न्यूज़ | करनाल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए भारत सरकार द्वारा सन 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की गई थी। इसी कड़ी में इस वर्ष भी स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा है अभियान केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान द्वारा 16 से 31 दिसंबर 2108 तक चलाया जाएगा।

संस्थान के निदेशक डॉ. प्रबोध चंद्र शर्मा के नेतृत्व में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अपनाना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है तथा हमें अपने आस-पास का क्षेत्र साफ-सुथरा रखना चाहिए। अतः गंदगी व बीमारी से बचने का एकमात्र कारगर उपाय अपने आस-पास सफाई रखना है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी इस स्वच्छता अभियान को सेवा समझकर भाग लें तथा कार्यक्रम को सफल बनाएं।



करनाल. स्वच्छता को लेकर केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान में साफ-सफाई करते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

इस दौरान मेरा गांव मेरा गौरव स्कीम के तहत अंगीकृत गांवों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। संस्थान के अंदर व बाहर प्रत्येक स्थान पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। आस-पास के गावों एवं स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में ज्ञान बढ़ाने के लिए गोष्ठियां व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। यह अभियान 31 दिसंबर 2018 तक लगातार चलाया जाएगा। संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने सम्मिलित रूप से संस्थान के गेट नंबर 2 से पाल नगर बस स्टैंड तथा गेट नंबर 1 तक मुख्य सड़क के दोनों तरफ सफाई अभियान चलाया। सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया तथा सफाई की।

18 दिसंबर 2018 दैनिक जागरण

# सीएसएसआरआइ में चलाया स्वच्छता अभियान




करनाल की सीएसएसआरआइ में सफाई अभियान चलाते वैज्ञानिक व अन्य • जागरण

**जागरण संवाददाता, करनाल :** केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसएसआरआइ) में स्वच्छता अभियान चलाया।

यह अभियान 16 से 31 दिसंबर तक चलेगा। संस्थान के निदेशक डॉ. प्रबोध चंद्र शर्मा के नेतृत्व में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अपनाना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है और हमें आसपास का क्षेत्र साफ-सुथरा रखना चाहिए। गंदगी और बीमारी से बचने का एकमात्र कारगर उपाय अपने आसपास सफाई रखना है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी इस स्वच्छता अभियान को सेवा समझकर भाग लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस दौरान मेरा गांव मेरा गौरव स्कीम के अंतर्गत गांवों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलेगा।

संस्थान के अंदर और बाहर प्रत्येक स्थान पर सफाई अभियान चलेगा। आसपास के ग्रामों और स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में ज्ञान बढ़ाने के लिए गोष्ठियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। संस्थान के गेट दो से पाल नगर बस स्टैंड और गेट एक तक मुख्य सड़क के दोनों तरफ सफाई अभियान चलाया।

पंजाब केसरी 18 दिसम्बर 2018

# स्वच्छता को अपनाना है हर व्यक्ति का कर्त्तव्य : शर्मा

करनाल, 17 दिसम्बर (ब्यूरो): राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए भारत सरकार द्वारा 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की गई थी। इस वर्ष भी स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 'स्वच्छता ही सेवा है अभियान केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान द्वारा 16 से 31 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। संस्थान के निदेशक डा. प्रबोध चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अपनाना प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य है तथा हमें अपने आसपास का क्षेत्र साफ-सुथरा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी इस स्वच्छता अभियान को सेवा समझकर भाग लें तथा कार्यक्रम को सफल बनाएं। मेरा गांव मेरा गौरव स्कीम के तहत अंगीकृत गांवों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। संस्थान के अन्दर व बाहर प्रत्येक स्थान पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।



*अभियान के तहत संस्थान परिसर में स्वच्छता का संदेश देते कर्मचारी।* (गुरजीत)

दैनिक भास्कर, पानीपत, सोमवार, 24 दिसंबर, 2018

# किसानों को दी उत्पादन बढ़ाने की तकनीक की जानकारी



**करनाल** | केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान में स्वच्छ भारत मिशन के तहत किसान दिवस का विशेष रूप से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार यादव मुख्य अतिथि रहे। सर्वप्रथम नोडल अधिकारी डॉ. प्रवेंद्र ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि किसानों को संस्थान द्वारा विकसित कल्लर व लवणीय जमीन एवं पानी का सुधार कर अधिक उपज देने वाली नवीनतम प्रौद्योगिकीय के विषय में जानकारी दी। उन्होंने संस्थान द्वारा गेहूं, धान, सरसों एवं चना की विकसित नई प्रजातियों के बारे चर्चा की। उन्होंने जैविक, खेती कचरा प्रबंधन के बारे में और उससे धन अर्जित करने की विधियों का वर्णन किया। किसानों को गोबर, किचन व घर के कचरे से कम्पोस्ट खाद बनाकर खेतों में पुनःप्रयोग करने की विधियों के बारे में अवगत कराया। सभी किसानों को संस्थान में शोध प्रक्षेत्र पर बहू-धंधी फसल प्रणाली, संरक्षण खेती, जलवायु सहनशील कृषि प्रणाली व लवणीय एवं क्षारीय मृदाओं पर हो रहे शोधों का भ्रमण करवाया व नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकीय के बारे में जानकारी दी गई।

दैनिक जागरण पानीपत, 24 दिसंबर 2018

# किसानों को सिखाई नई तकनीक

जासं, करनाल : सीएसएसआरआइ में स्वच्छ भारत मिशन के तहत किसान दिवस का आयोजन किया। इसमें संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने किसानों को संस्थान की ओर से विकसित कल्लर और लवणीय जमीन और पानी का सुधार कर अधिक उपज देने वाली नवीनतम तकनीकों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने संस्थान की ओर से गेहूं, धान, सरसों और चना की विकसित नई प्रजातियों के बारे चर्चा की। कृषि में स्वच्छता से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जैविक, खेती कचरा प्रबंधन के बारे में और उससे धन अर्जित करने की विधियों का वर्णन किया। किसानों को गोबर, किचन और घर के कचरे से कम्पोस्ट खाद बनाकर खेतों में दोबारा इस्तेमाल करने की विधियों के बारे में भी अवगत कराया। नोडल अधिकारी डॉ. प्रवेंद्र ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।